जागरण

दीनदयाल धाम में पकड़ा नकली रिफाइंड का गोदाम

Publish Date:Sat, 21 Apr 2018 12:04 AM (IST)

फरह: फरह पुलिस और खाद्य विभाग की टीम ने गांव दीनदयाल धाम के एक मकान में नकल

संवाद सूत्र, फरह: फरह पुलिस और खाद्य विभाग की टीम ने गांव दीनदयाल धाम के एक मकान में नकली रिफाइंड का कारोबार पकड़ा है। मकान में बने गोदाम से चंबल ब्रांड के भरे और खाली कनस्तर बरामद हुए हैं। पूछताछ के लिए मकान मालिक को हिरासत में लिया गया है।

फरह पुलिस को दीनदयाल धाम स्थित मचल ¨सह के मकान में नकली रिफाइंड का कारोबार होने की सूचना मिली। चंबल रिफाइंड के ऑपरेशन अधिकारी अमित कुमार ने भी पुलिस को नकली रिफाइंड का कारोबार होने की जानकारी दी थी। इसलिए पुलिस ने उन्हें भी बुला लिया। पुलिस और खाद्य विभाग की टीम मचल ¨सह के मकान पर पहुंच गई। टीम ने छापा मारकर सोयाबीन के चंबल ब्रांड के 10 भरे और 90 खाली कनस्तर बरामद किए। इसके अलावा रिफाइंड के 89 रैपर, कनस्तर के 109 ढक्कन आदि भी बरामद हुए। मकान मालिक के पुत्र दीपक को पूछताछ के लिए पुलिस ने हिरासत में ले लिया है। मकान मालिक मचल ¨सह हलवाई का काम करता है। पुलिस और खाद्य विभाग द्वारा की गई इस कार्रवाई से क्षेत्र में खलबली मच गई। थाना प्रभारी फरह आजाद पाल ¨सह ने बताया कि हिरासत में लिए गए व्यक्ति से पूछताछ हो रही है। इस मौके पर खाद्य सुरक्षा अधिकारी नीरद पांडे, ओपी ¨सह, सोमनाथ, नंदकिशोर आदि मौजूद थे। विवाह में देता था रिफाइंड:

ग्रामीणों के मुताबिक पकड़े गए गोदाम में पहले कॉस्मेटिक की दुकान थी, लेकिन यह दुकान बंद कर दी गई। मकान में रिफाइंड के कनस्तरों से भरे टेंपो का आना-जाना लगा रहता था। मकान मालिक रिफाइंड की एजेंसी होने की बात कहते थे और शादियों में भी सप्लाई करते थे। खाद्य अधिकारी ने बताया कि असली कनस्तर पर चंबल रिफाइंड कंपनी दो तरफ स्टिकर ¨प्रट करती है, लेकिन नकली पर रैपर चारों तरफ चिपकाया गया है।

Source: https://www.jagran.com/uttar-pradesh/mathura-counterfeit-refinance-warehouse-caught-in-deen-dayaldham-17853969.html